**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी गढ़वाल**

# Online Coding and AI Training Program for Students

कार्यक्रम का नाम: कक्षा 11 के छात्रों हेतु कंप्यूटर, एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण

आयोजक संस्था: डायट पौड़ी, आईटी विभाग

स्थान: जनपद पौड़ी के 11 उच्च माध्यमिक विद्यालय

प्रशिक्षण माध्यम: ऑनलाइन (गूगल मीट, स्मार्ट क्लास, स्मार्टफोन, व्हाट्सएप)

प्रशिक्षण अवधि: 4 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक

समय: प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक

प्रतिभागी: कक्षा 11 के छात्र एवं प्रत्येक विद्यालय से एक चयनित मेंटर शिक्षक


विषय विशेषज्ञ – डा० वरुण बर्तवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर ,आईटी विभाग HNBGU

निधि पाठक , डाटा साइंस इंजिनीयर

## प्रतिदिन की प्रशिक्षण गतिविधियाँ:

### 4 फरवरी 2025:

प्रशिक्षण का उद्घाटन दिवस था जिसमें छात्रों को C/C++ प्रोग्रामिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का परिचय दिया गया। उन्हें वास्तविक जीवन में AI के उपयोग तथा डिजिटल डेवलपमेंट एनवायरनमेंट की स्थापना की विधि समझाई गई। छात्रों को AI का एक व्यावहारिक उदाहरण खोजने का असाइनमेंट दिया गया।




### 5 फरवरी 2025:

मशीन लर्निंग (ML) की अवधारणाओं से परिचय कराया गया जिसमें सुपरवाइज़्ड, अनसुपरवाइज़्ड और रिइनफोर्समेंट लर्निंग पर चर्चा की गई। ग्रुप गतिविधियों के माध्यम से डाटा मॉडल पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया।

### 6 फरवरी 2025:




छात्रों को C प्रोग्रामिंग की मूल अवधारणाएं जैसे वेरिएबल्स,  डेटा टाइप्स एवं ऑपरेटर सिखाए गए। साथ ही मशीन लर्निंग में प्रयुक्त शब्दावली भी स्पष्ट की गई। छात्रों ने सरल कोडिंग अभ्यास किया। Programiz Online Compiler के माध्यम से smartphone पर छात्रों द्वारा अभ्यास किया गया।


### 7 फरवरी 2025:

इस दिन 'if-else' कंडीशनल स्टेटमेंट्स का परिचय दिया गया और AI टूल Slidesgo.ai के माध्यम से प्रेजेंटेशन डिजाइन करना सिखाया गया। छात्रों ने decision-based कोडिंग एवं स्लाइड्स तैयार कर प्रस्तुत की।

### 8 फरवरी 2025:

'for loop' और AI टूल Perplexity पर कार्य हुआ। प्रशिक्षकों द्वारा लाइव डेमो के साथ रचनात्मक लेखन एवं कोडिंग अभ्यास करवाया गया।

### 10  फरवरी 2025:




'while loop' की अवधारणा स्पष्ट की गई और अब तक के सभी टूल्स व  कोडिंग अवधारणाओं का पुनरावलोकन किया गया। छात्रों ने while loop आधारित कोड बनाकर साझा किया। नेटवर्क प्रॉब्लेम होने के कारण सेशन अगले दिन जॉइन करने हेतु कहा गया।

### 13  फरवरी 2025:

AI, ML और डीप लर्निंग के बीच अंतर को उदाहरणों सहित समझाया गया। छात्र समूहों में कार्य करते हुए तुलनात्मक सारणी तैयार कर प्रस्तुत करते रहे।
डेटा प्री-प्रोसेसिंग, फीचर इंजीनियरिंग और प्रॉम्प्ट लेखन पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने एक डेटा सेट को प्रोसेस कर रिपोर्ट बनाई।

### 17 फरवरी 2025:


प्रमुख AI मॉडल्स – ChatGPT, Gemini और Meta का परिचय, विश्लेषण एवं उपयोग समझाया गया। छात्रों ने AI टूल्स की जानकारी Futurepedia वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त की।

### 19 फरवरी 2025:

अंतिम दिवस पर डिज़ाइन एवं एडिटिंग टूल्स Canva, Grammarly और Quillbot पर कार्य हुआ। छात्रों ने पोस्टर डिज़ाइन कर प्रस्तुति दी एवं लेखन सुधार टूल्स का अभ्यास किया। Chrome एक्सटेंशन जोड़ने की विधि भी बताई गई। छात्रों ने अंतिम प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत किया। सभी छात्रों एवं मेन्टर शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित कर Post Test करने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रशिक्षण का समग्र मूल्यांकन:

यह दस दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं परिणामदायी सिद्ध हुआ। छात्रों में तकनीकी समझ, प्रस्तुतीकरण क्षमता, रचनात्मकता तथा AI टूल्स के प्रयोग में आत्मविश्वास देखा गया। शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। भविष्य में ऐसे प्रशिक्षणों को और व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने की संस्तुति की जाती है।







**कार्यक्रम समन्वयक - शालिनी भट्ट, प्रवक्ता , DIET Pauri**

**सह समन्वयक – डा० एस० के० भारद्वाज प्रवक्ता, DIET Pauri**